# उच्च-स्तरीय प्राधिकृत समिति द्वारा ₹15000 करोड़ की निवेश परियोजनाओं के लिए 'लेटर ऑफ कम्फर्ट' (LoC) की संस्तुति की गयी

**लखनऊ, 02 सितंबर, 2025:** उत्तर प्रदेश को देश का अग्रणी विनिर्माण एवं निवेश केंद्र बनाने के लक्ष्य के तहत औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति (IIEPP) 2022 के अंतर्गत उच्च-स्तरीय प्राधिकृत समिति तथा प्राधिकृत समिति की बैठक लोकभवन में **कार्यवाहक मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार** की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में कुल ₹15,525 करोड़ से अधिक की निवेश परियोजनाओं को 'लेटर ऑफ कम्फर्ट' (LoC) की संस्तुति दी गई।

हाई-लेवल इम्पावर्ड कमेटी ने ₹14,948.20 करोड़ की 11 परियोजनाओं को संस्तुति प्रदान की, वहीं एम्पावर्ड कमेटी ने ₹576.78 करोड़ के 6 प्रस्तावों को स्वीकृति दी। यह निर्णय राज्य सरकार की निवेश आकर्षित करने और रोजगार के अवसर बढ़ाने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

'लेटर ऑफ कम्फर्ट' राज्य सरकार की यह संप्रभु गारंटी है कि किसी विशेष योजना के पात्रता मानदंडों व स्वीकृत प्रावधानों की पूर्ति पर निवेशकों को प्रोत्साहन उपलब्ध कराया जाएगा। सभी आवेदन ऑनलाइन प्रोत्साहन प्रबंधन प्रणाली (OIMS) पोर्टल के माध्यम से प्राप्त हुए थे, जिन्हें विविध क्षेत्रों की प्रतिष्ठित कंपनियों ने प्रस्तुत किया था।

हाई-लेवल इम्पावर्ड कमेटी द्वारा प्रमुखत: 'लेटर ऑफ कम्फर्ट' की संस्तुति को तीन औद्योगिक श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है:

- **अल्ट्रा मेगा श्रेणी:** ₹11,281.51 Cr करोड़
- **सुपर मेगा श्रेणी:** ₹₹1,980.84 करोड़
- **मेगा श्रेणी:** ₹1685.85 करोड़

मुख्य सचिव ने बैठक के दौरान अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रक्रियात्मक विलंब हर स्तर पर दूर करते प्रदेश में निवेश अनुकूल माहोल बनाने में सहयोग करे और सभी प्रस्तावों को शीघ्रता से धरातल पर उतारने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। उन्होंने यह भी कहा कि निवेश प्रक्रियाओं को और सरल बनाना आवश्यक है, ताकि प्रदेश में औद्योगिक विकास को गति मिल सके, जिससे माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के उत्तर प्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य को साकार किया जा सके।

---------------------------------------------------